तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

12 विश्व हेपेटाइटिस दिवसः जिला अस्पताल में जागरूकता...

14 पक्की सड़क पर मिट्टी डालने से कीचड़ में बदली...




## खबर संक्षेप

### हरदी की निजी फैक्ट्री में हादसाः घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**बेमेतरा/बेरला।** बेरला विकासखंड के कण्डरका पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदी स्थित एक निजी फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर की ऊंचाई से गिरने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद फैक्ट्री प्रबंधन की कार्यप्रणाली और औद्योगिक सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम हरदी स्थित प्रकाश मेटलिक्स प्राइवेट लिमिटेड में रेलवे से संबंधित सामग्री एवं उपकरणों का निर्माण किया जाता है। कुछ दिन पहले फैक्ट्री में कार्य के दौरान एक मजदूर ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का निवासी बताया जा रहा है। कण्डरका पुलिस चौकी के अनुसार मामले में अभी अपराध दर्ज नहीं हुआ है और जांच जारी है, इसलिए विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। घटना के बाद क्षेत्र में फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी देखी जा रही है। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने आरोप लगाया है कि हादसा औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी नियमों की अनदेखी और फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही का परिणाम हो सकता है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में फैक्ट्री प्रबंधन से शेष पेज 12 पर

### साजा विधायक ईश्वर साहू की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

# एल्डरमेन शपथ समारोह में अध्यक्ष समेत सभी पार्षद नदारद, भाजपा की अंदरूनी खींचतान फिर आई चर्चा में

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया/परपोड़ी

नगर पंचायत थान खम्हरिया में गुरुवार आयोजित नवनियुक्त एल्डरमेनों के शपथ ग्रहण समारोह ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी। साजा विधायक ईश्वर साहू की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभी भाजपा के निर्वाचित 10 पार्षदों की अनुपस्थिति सबसे अधिक चर्चा का विषय रही।

- कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की दूरी बनी राजनीतिक चर्चा का विषय

कार्यक्रम में भाजपा के अधिकांश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी नजर नहीं आए, जिससे भाजपा की स्थानीय गुटबाजी एक बार फिर खुलकर सामने आने लगी है। नगर पंचायत सभागार में आयोजित समारोह में एसडीएम पिंकी मनहर ने नवनियुक्त एल्डरमेन अनिल सिंघानिया, रोहित भारती और बलराम निषाद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह अत्यंत सादगीपूर्ण रहा और इसमें सीमित और गिनी चुनी संख्या में ही लोग मौजूद रहे। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि आमतौर पर विधायक की मौजूदगी वाले आयोजनों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचते हैं, लेकिन इस कार्यक्रम में महज कुछ लोगों की उपस्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। खास बात यह रही कि नगर पंचायत में भाजपा के 10 पार्षद होने के बावजूद एक भी पार्षद समारोह में शामिल नहीं हुआ। कांग्रेस के चार और एक निर्दलीय पार्षद भी अनुपस्थित रहे। सूत्रों के अनुसार कार्यक्रम के लिए न तो व्यापक स्तर पर कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया और न ही नगर के गणमान्य नागरिकों को सूचना दी गई। मीडिया को भी कार्यक्रम की पूर्व जानकारी नहीं दिए जाने से आयोजन चर्चा का विषय बन गया। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं में भी नाराजगी शेष पेज 12 पर



#### बारिश के कारण कम रही उपस्थितिः विधायक

कार्यक्रम में कम उपस्थिति को लेकर जब साजा विधायक ईश्वर साहू से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अधिक बारिश होने के कारण ही कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति कम रही। हालांकि विधायक के इस स्पष्टीकरण के बावजूद नगर में कार्यक्रम की कम मौजूदगी और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

### चरित्र शंका और खर्च के लिए पैसे नहीं देने पर टंगिया से की थी हत्या

# पिता की हत्या के दोषी को उम्रकैद साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

लगभग दो वर्ष पुराने बहुचर्चित मोतीलाल साहू हत्याकांड में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए पिता की हत्या के दोषी पुत्र को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बेमेतरा ने आरोपी इंद्रेश साहू (19) निवासी ग्राम सांकरा, थाना बेरला को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपये जुर्माने तथा धारा 201 के तहत तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है। न्यायालय ने पुलिस द्वारा प्रस्तुत तकनीकी एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को संदेह से परे मानते हुए आरोपी को दोषी ठहराया।

- पिता की हत्या करने वाले बेटे को उम्रकैद




#### सीडीआर और सीसीटीवी बने सबसे मजबूत साक्ष्य

विवेचना के दौरान पुलिस ने मृतक और उसके दोनों पुत्रों के मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) का विश्लेषण किया। ग्राम सांकरा से लेकर ग्राम सिवार तक के मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले गए। तकनीकी साक्ष्यों में मिले महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर इंद्रेश से सख्ती से पूछताछ की गई। शुरुआत में वह लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सीडीआर, सीसीटीवी फुटेज और अपने पूर्व बयानों में शेष पेज 12 पर

# भद्रकाली मंदिर आने का राज्यपाल रमेन डेका ने स्वीकार किया निमंत्रण

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका से शुक्रवार को लोक भवन में भद्रकाली मंदिर समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मंदिर के विकास, व्यवस्थाओं एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर राज्यपाल से चर्चा की और उन्हें बेमेतरा स्थित भद्रकाली माता मंदिर के दर्शन के लिए आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। प्रतिनिधिमंडल में मंदिर समिति के अध्यक्ष उत्तम चंद महेश्वरी, जनसेवक शिवम तिवारी, सदस्य आशीष राजा गुप्ता, मुख्य पुजारी प्रलय तिवारी तथा भगवताचार्य पंडित राकेश शुक्ला शामिल थे। मुलाकात के दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने मंदिर समिति द्वारा किए जा रहे धार्मिक एवं जनसेवा के कार्यों की सराहना की। उन्होंने भद्रकाली माता मंदिर की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता की प्रशंसा करते हुए इसके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

मंदिर समिति के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल द्वारा निमंत्रण स्वीकार किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका प्रस्तावित शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप

### बेटा बहू से मुझे बचाव उनसे मुझे जान का खतरा

**भिलाई।** मकान निर्माण करने के लिए उधार रूप में पांच लाख रुपए लिया गया। निर्माण पूर्ण होने के बाद उधार की रकम को आज तक नहीं लौटाया गया।



रकम मांगने पर मारपीट कर विवाद किया जाता है। यह बातें दुर्गा पारा लक्ष्मी नगर सुपेला निवासी रमशीला साहू ने पुलिस को दी शिकायत में अपने बेटा और बहू के खिलाफ कहीं। उन्होंने आरोप लगाया है कि चमन लाला साहू और उसकी पत्नी धनेश्वरी साहू दोनों मिलकर जान से मारने की धमकी देते हैं। वर्ष 2023 में दोनों के खिलाफ सुपेला पुलिस थाने में अपराध दर्ज कराई थी। सुपेला पुलिस ने मामले को न्यायालय भेज दिया। न्यायालय ने आदेश दिया कि चमन लाल साहू, ऋषि कुमार साहू को पीड़िता रमशीला साहू को भरण पोषण के लिए 4 हजार रुपए प्रतिमाह 10 तारीख को भुगतान करेगें। पीड़िता रमशीला साहू ने बताया कि आज तक रकम नहीं दी गई, बल्कि धमकी देकर मारपीट की जाती है।

### डराने-धमकाने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रामनगर मुक्तिधाम तालाब के पास एक युवक हाथ में धारदार हथियार लेकर राहगीरों और लोगों डरा-धमका रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। इस दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे आरोपी शांति नगर, सड़क 28 वैशाली नगर नीरज रंगारी उर्फ बुचवा को पकड़ा गया। दूसरी घघटना उतई थाना क्षेत्र का है जहां मचांदुर चौकी ग्राम बोरीगारका में घेराबंदी कर ग्राम मातरोडीह निवासी जितेन्द्र कुमार साहू और ग्राम मातरोडीह शैलेन्द्र कुमार निषाद को पकड़ा गया। तीनों के पास से धारदार हथियार जब्त किया गया है।

# गुरु पूर्णिमा पर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में वैदिक हवन एवं गुरु वंदन कार्यक्रम

## नारियल, पुष्प एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर गुरुजनों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपरा के अनुरूप हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वैदिक हवन एवं गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ से हुआ, जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता कर आहुति अर्पित की।

प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व बताते हुए गुरु के प्रति सम्मान, समर्पण और कृतज्ञता का संदेश दिया गया। शिक्षकों ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों के विकास और जीवन को सही दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सदैव सम्मान करने तथा उनके आदर्शों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने साथ लाए नारियल, पुष्प एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर गुरुजनों का सम्मान किया। साथ ही विद्यालय, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं उज्वल भविष्य की कामना करते हुए वैदिक हवन में आहुति दी। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक प्रकाश भोई ने वैदिक हवन संपन्न कराया तथा गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जीवन के सच्चे पथप्रदर्शक होते हैं और उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी सफलता के शिखर तक पहुंचते हैं।



### अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया

विद्यालय के प्राचार्य पी.एल. जायसवाल ने सभी विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीवन में सदैव गुरुजनों के प्रति सम्मान और अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इनमें ललित देवांगन, अकलेश पटेल, अनिल चंद्रवंशी, गोविंद साहू, अजय सेन, आयुषी जैन, रीनू राजपूत, विमल साहू, राजा तंतुवाय, अभिषेक दुबे, संदीप कुमार, रेणुका पटेल, साक्षी शर्मा, ऐश्वर्य देशमुख, ममता चंद्राकर, गायत्री सिन्हा, वर्षा वैष्णव, शोभारानी साहू, अनिल कुमार, प्रकाश भोई, प्रीति यादव, प्रांजलि ठाकुर, आर्या निधि, लेखनी चंद्राकर, भुनेश्वरी चंद्राकर, नीलमणि, यामिनी साहू, भारती भट्ट, कैलाश सिंह, भारती बंजारे, रुद्राभिषेक सोनी, कुसुम, सुखदेव साहू, रूखमणी चंद्राकर, रामेश्वरी चंद्राकर, युवराज चंद्राकर, नरेश साहू, विजय चंद्राकर, कुंती यादव सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका

## बुधवार की रात और गुरुवार को हुई जिले में बारिश से खेत हुए लबालब

# 20 साल की औसत बारिश के करीब पहुंचा दुर्ग जिला, शिवनाथ नदी 4 फीट उफान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बुधवार की रात और गुरुवार को हो रही लगातार बारिश ने पिछले 20 साल के औसत बारिश के करीब दुर्ग जिले को ला दिया है। 20 साल पहले 29 जुलाई की स्थिति में 473.3 मिलीमीटर बारिश हुई थी। वर्तमान में 467.2 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। यानी 6.1 मिलीमीटर कम बारिश हुई है जो सामान्य बारिश की हिसाब से केवल 1 मिलीमीटर कम है। पिछले 24 घंटे में दुर्ग जिले में 211 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। खास बात यह है कि दुर्ग का शिवनाथ नदी स्थित महमरा एनीकट दूसरी बार ऊफान पर है और यहां पानी साढ़े 4 फीट ऊपर हो गया है। जबकि यहां पानी इस बार दूसरे बांधों से छोड़ा नहीं गया है यानी स्थानीय बारिश का यह प्रभाव है।

इस सीजन में अब तक हो चुकी 467.2 मिलीमीटर बारिश



### इस तरह द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक गहरा अवदाब मध्य छत्तीसगढ़ और उससे लगे अंदरुनी उड़ीसा के ऊपर स्थित है। इसके लगातार पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए अगले 24 घंटे में छत्तीसगढ़ पार करके पूर्वी मध्य प्रदेश पहुंचने की संभावना है। मानसून द्रोणिका श्रीगंगानगर, भिवानी, ग्वालियर, सीधी गहरा अवदाब का केंद्र, पूरी और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है तथा यह 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम हवा का शियर जोन 23 डिग्री उत्तर में 3.1 कम से 7.6 कम ऊंचाई तक विस्तारित है।

### सबसे ज्यादा बारिश पाटन ब्लॉक में

मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा बारिश पाटन ब्लॉक में दर्ज की गई है। पाटन ब्लॉक में 66.5 मिलीमीटर बारिश हुई है। भिलाई में 54.5 मिलीमीटर, दुर्ग में 21.6 मिलीमीटर, धमधा में 15.5 मिलीमीटर, बोरी में 20.0 मिलीमीटर और अहिवारा तहसील में 32.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### आज भी भारी बारिश के हैं हालात

मौसम विभाग ने 30 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दुर्ग संभाग के जिले तथा बिलासपुर संभाग के पश्चिमी जिले संभावित है।

### खेतों में भरा लबालब पानी

दो दिनों की अच्छी बारिश ने किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी है। खेतों में बियासी और रोपाई के लिए पानी का इंतजार किसान कर रहे थे वह अब पूरा हो गया है। खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है। दुर्ग जिले में 1.26 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की बोनी की जाती है। जिसमें केवल रोपा सिस्टम का काम ही कुछ शेष रह गया है।



# निःशुल्क कैंसर जांच शिविर 101 लोगों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

कैंसर की समय पर पहचान और उपचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को महामहिम राज्यपाल के गोद ग्राम टेमरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एम. रजा एवं बीपीएम सी.के. देवांगन के नेतृत्व में जिला एवं ब्लॉक स्वास्थ्य विभाग तथा बालको मेडिकल हॉस्पिटल की संयुक्त टीम ने किया। शिविर में बालको मेडिकल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मुख, स्तन (ब्रेस्ट) एवं गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की निःशुल्क जांच कर मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। महिलाओं के लिए मेमोग्राफी मशीन, थर्मल स्कैनर तथा सर्वाइकल कैंसर जांच की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा मुख कैंसर के साथ रक्तचाप, शुगर और बीएमआई की भी निःशुल्क जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने कहा कि कैंसर की शुरुआती अवस्था में पहचान होने पर उसका सफल उपचार संभव है। वहीं बीएमओ डॉ. एम.एम. रजा ने बताया कि स्तन में गांठ, मुंह में लंबे समय तक घाव, निगलने में कठिनाई, आवाज में बदलाव, लगातार खांसी या बिना कारण वजन कम होने जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय जांच करानी चाहिए।

- महिलाओं के लिए मेमोग्राफी व सर्वाइकल कैंसर जांच की विशेष व्यवस्था

शिविर में कुल 101 संभावित मरीजों की जांच की गई, जिनमें 67 महिलाएं और 34 पुरुष शामिल रहे। विशेषज्ञों ने 11 मेमोग्राफी तथा 50 सर्वाइकल (सर्विचेक) जांच भी की। शिविर के साथ विकासखंड नवागढ़ के ग्रामीण चिकित्सा सहायकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ), ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, मितानिनों एवं सुपरवाइजरों के लिए कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और बचाव विषय पर कार्यशाला भी आयोजित की गई।

कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर, नोडल अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, बीएमओ डॉ. एम.एम. रजा, बीपीएम सी.के. देवांगन, बालको मेडिकल हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम, तहसीलदार नांदघाट सुमित देवांगन, पीएचसी टेमरी का स्टाफ, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### फैक्ट्री संचालक की कार से 4.90 लाख की उठाईगिरी

**भिलाई।** दिनदहाड़े कारोबारी की कार का शीशा तोड़कर 4.90 लाख रुपए की उठाईगिरी होने का मामला सामने आया है। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलगांव पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 101, बालाजी अपार्टमेंट मुक्त नगर दुर्ग निवासी प्रमोद महेश्वरी का ग्राम कोडहा में देव एग्रो इंडस्ट्रीज के नाम से फैक्ट्री का संचालक है। अपने घर से प्रमोद 4.90 लाख रुपए लेकर कार सीजी 07 सीआर 7983 से निकले थे। रकम एक काले रंग के बैग में रखा गया था। जिस पर जयश्री साल्वेंट्स लिखा था।



# देशहा सेन समाज का निर्णय दशगात्र में फिजूलखर्ची पर लगाया रोक

**नवागढ़।** ड्योढ़ीपार देशहा सेन समाज नवागढ़ राज की बैठक में सामाजिक सुधार और पारदर्शिता को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राजाध्यक्ष अर्जुन सेन की अध्यक्षता में सेन समाज भवन नवागढ़ में आयोजित बैठक में तय किया गया कि अब समाज के सभी महत्वपूर्ण निर्णय लिखित रूप में दर्ज किए जाएंगे। साथ ही दशगात्र कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची पर रोक लगाकर सादगीपूर्ण आयोजन को बढ़ावा दिया जाएगा। समाज के किसी सदस्य के परिवार में शोक की स्थिति होने पर समाज की ओर से 2 हजार तथा राजाध्यक्ष अर्जुन सेन की ओर से 1 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। बैठक में संत सेन महाराज एवं भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना के बाद आय-व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा समाज के उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान सभी ग्रामों के लिए पारिवारिक सर्वे प्रपत्र जारी किए गए और समाज के अद्यतन डाटा तैयार करने के लिए सहयोग की अपील की गई। मुख्य अतिथि सुरेश श्रीवास ने शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का सफल संचालन समाज के सचिव रामनारायण श्रीवास के नेतृत्व में किया गया। मंच संचालन उपाध्यक्ष संतोष सेन ने किया, जबकि अंत में सचिव रामनारायण श्रीवास ने सभी अतिथियों एवं सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त किया। बैठक में हरेराम सेन, राजकुमार सेन, बलदाऊ सेन, मुन्ना सेन, मधुकर सेन, धनंजय सेन, नीलमणि सेन सहित नवागढ़ राज की कार्यकारिणी, वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# विभिन्न निर्माण कार्यों, प्रस्तावित स्थल एवं सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह ने शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों, प्रस्तावित कार्यस्थलों, तालाबों एवं सफाई व्यवस्था सहित आईटीआई में संचालित कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्माण कार्यों को निर्धारित



समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियमित

### कालोनी में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

निगम आयुक्त ने कॉलोनी विकास शुल्क मद से अनुष्ठा रेसिडेंसी में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने तथा निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि कॉलोनीवासियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। आयुक्त ने अयप्पा नगर में प्रस्तावित कार्य स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।

### कोहका आमातालाब के पास सफाई कराने कहा

आयुक्त ने कोहका स्थित आमा तालाब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब एवं उसके आसपास की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेते हुए नियमित साफ-सफाई कराने और स्थल को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 24 फौजी नगर क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को विशेष ध्यान देने तथा कचरा फेंकने एवं डम्प करने वालों के ऊपर बड़ी पेनाल्टी लगाने कहा है। आयुक्त ने आईटीआई परिसर में संचालित कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

# झूठी गवाही देने बनाया दबाव, फरार दो बदमाशों के खिलाफ फिर हुई शिकायत

**भिलाई।** जमीन हड़पने को लेकर न्यायालय में झूठी गवाही के लिए दबाव बनाने के मामले में प्राणघातक हमला करने वाले दो फरार बदमाशों के खिलाफ एसएसपी से लिखित शिकायत की गई है। करहीडीह दुर्ग निवासी जसवंत साहू ने बताया है कि जिला न्यायालय में लंबित सिविल मामले में झूठी गवाही देने के लिए दबाव बनाकर जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसमें अशोक सिंह, राजेश सिंह के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर स्वयं को पुलिस सुरक्षा देने की मांग जसवंत ने किया है। शिकायतकर्ता जसवंत साहू के मुताबिक अपहरण और जबरन हस्ताक्षर 18 अगस्त 2025 की सुबह अशोक सिंह अपने सहयोगियों के साथ सफेद रंग की इनोवा कार सीजी 07 सीसी 6540 से पहुंचे थे। आरोप है कि जसवंत साहू को जबरन कार में बिठाकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। जसवंत को कोर्ट न्यायालय ले जाया गया, जहाँ जसवंत से कुछ दस्तावेजों पर डरा-धमकाकर हस्ताक्षर कराए गए। इसके बाद अशोक सिंह के मोबाइल से देवभूमि संचालक राजेश सिंह ने फोन कर जसवंत को धमकी देकर व्हाइट हाउस आने को कहा। राजेश ने चेतावनी दी कि ईश्वर निषाद के पक्ष में किसी भी कागज पर हस्ताक्षर न करें, नहीं तो जान से मार दिया जाएगा। इसे लेकर पीड़ित जसवंत बुरी तरह डर गया। पीड़ित ने दावा किया है कि 18 अप्रैल की सुबह 11 बजे राजेश सिंह की धमकी का आडियों रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है। पीड़ित जसवंत साहू ने बताया कि राजेश सिंह का बाईपास दुर्ग स्थित देवभूमि लेआउट्स का संचालक हैं।

**पुराने बदमाश है दोनों हमले के आरोपी :** शिकायत में बताया गया है कि 25 जुलाई 2026 को 'देव भूमि' लेआउट में हिसाब-किताब के बहाने बुलाकर नरेंद्र सिंह नामक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस पहले पांच आरोपियों को तुरंत ट्रेस कर लिया। जिसमें फरार संचालक राजेश सिंह और अशोक सिंह है। गंभीर रुप से घायल नरेंद्र सिंह का उपचार रायपुर में अब भी जारी है। शिकायत में एसएसपी को बताया गया है कि साक्ष्य मिटाने आरोपियों ने साक्ष्य नष्ट करने की नीयत से सीसीटीवी का हार्ड डिस्क तक गायब कर दिया गया है। राजेश सिंह वर्ष 2016-17 में पुलगांव पुलिस ने उरला स्थित इसकी जमीन से 3 ट्रक अवैध शराब जब्त की थी। साल भर से वह अवैध शराब मामले में फरार चल रहा था।

## पेज 11 के शेष

### हरदी की निजी फैक्ट्री में हादसाः घायल ...

संपर्क करने पर अधिकृत अधिकारी उपलब्ध नहीं होने का हवाला देते हुए कोई जानकारी नहीं दी गई। वहीं, दुर्ग संभाग के औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उप संचालक मनीष कुंजाम तथा फैक्ट्री निरीक्षक पीयूष कुमार वर्मा से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। ग्रामीणों ने मांग की है कि हादसे की उच्चस्तरीय जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं तथा यदि किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

### एल्डरमेन शपथ समारोह में ...

की चर्चा रही। स्थानीय राजनीतिक हलकों में इसे भाजपा की अंदरूनी खींचतान से जोड़कर देखा जा रहा है। नगर से लेकर जिला मुख्यालय तक दिनभर इसी बात की चर्चा होती रही कि विधायक की मौजूदगी के बावजूद संगठन और जन प्रतिनिधियों की दूरी आखिर किस ओर संकेत कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि संगठनात्मक समन्वय की स्थिति यही रही तो इसका असर भविष्य की स्थानीय राजनीति पर भी पड़ सकता है।

### भद्रकाली मंदिर आने का राज्यपाल ...

आगमन बेमेतरा के लिए गौरव का विषय होगा। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यपाल की यात्रा से मंदिर के विकास एवं धार्मिक पर्यटन को भी नई पहचान मिलेगी।

### पिता की हत्या के दोषी ...

विरोधाभास सामने आने के बाद उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया। हत्या के बाद आरोपी ने अपने विधि से संघर्षरत छोटे भाई की मदद से शव को प्लास्टिक की बोरी में भरा और स्कूटी से शिवनाथ नदी की ओर ले गया। योजना शव को नदी में फेंकने की थी, लेकिन वहां मछुआरों की मौजूदगी देखकर दोनों घबरा गए और शव को नदी किनारे जंगल-झाड़ियों के बीच सुनसान स्थान पर फेंककर फरार हो गए। तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने घटनास्थल से लेकर ग्राम सांकरा तक की पूरी कड़ी को तकनीकी साक्ष्यों से जोड़ा। आरोपी की निशानदेही पर गांव के तालाब से मृतक के दोनों मोबाइल फोन तथा घर के पीछे स्थित कुएं से हत्या में प्रयुक्त टंगिया बरामद की गई। पुलिस ने परिस्थितिजन्य एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर मजबूत केस तैयार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पुलिस विवेचना को संदेह से परे मानते हुए आरोपी इंद्रेश साहू को हत्या एवं साक्ष्य मिटाने का दोषी करार दिया। इस मामले में आरोपी को दोषसिद्ध कराने में तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा तथा लोक अभियोजक शिवगोपाल श्रीवास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मामला म्यूल खाते का है, अब तक 117 खाता धारको के 5 एजेंट को पकड़ा

# पुलिस ने सात माह में तीन करोड़ कराया होल्ड, 1242 पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑनलाइन सट्टे में म्यूल खातों का जमकर उपयोग किया गया है। इसे लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि वर्ष 2026 में 1242 म्यूल खातों पर पुलिस ने कार्रवाई किया। जिसमें 117 खाता धारको 5 म्यूल एजेंट पुलिस पकड़ में आए। करीब तीन करोड़ रुपए को पुलिस ने होल्ड कराया है। जांच में पता चला कि करीब 2000 अन्य संदिग्ध म्यूल बैंक खातों की शिनाख्त हुई है। कुछ बैंक शाखाओं के अधिकारियों एवं बैंक प्रबंधकों की भूमिका भी इसमें संदिग्ध है। जांच में संलप्तिता प्रमाणित होने पर उन्हें भी आरोपी बनाया जाए सकता है। साइबर अपराध ऑनलाइन सट्टे



के बढ़ते अपराधों को लेकर अपराधों के वित्तीय नेटवर्क को तोड़ने पुलिस ने 1 जनवरी से 29 जुलाई 2026 तक विशेष अभियान चलाया है। अभियान में पुलिस मुख्यालय तकनीकी सेवा, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र , राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल समेत विभिन्न राज्यों से मिले शिकायतों, बैंकिंग संस्थानों से तकनीकी वित्तीय जांच की गई। पाया गया कि साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, ऑनलाइन गेमिंग, ऑनलाइन सट्टा, कस्टमर केयर फ्रॉड, अन्य साइबर अपराधों से मिले धन को छिपाने ट्रांसफर करने के लिए म्यूल बैंक खातों का उपयोग किया गया। पुलिस ने अब तक बैंक खातों के लेन-देन, केवाईसी दस्तावेज, मोबाइल नंबर, इंटरनेट बैंकिंग लॉग, यूपीआई ट्रांजेक्शन अन्य डिजिटल साक्ष्यों के परीक्षण के उपरांत 18 प्रकरणों में कुल 1242 म्यूल बैंक खातों की पहचान किया है। पुलिस बैंक खातों से संबंधित अभिलेख, एटीएम कार्ड,चेकबुक एवं पासबुक, मोबाइल फोन एवं सिम कार्ड,केवाईसी दस्तावेज,बैंकिंग एवं डिजिटल रिकॉर्ड, अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को जब्त किया है।

### कमीशन के लिए नए खातों का किया जा रहा उपयोग

पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधी और ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले संगठित गिरोह अवैध धनराशि के स्रोत को छिपाने अपराधियों तक पहुंचाने के लिए म्यूल बैंक खातों को उपयोग करते आ रहे है। गिरोह के सदस्य कमीशन, नौकरी, आसान कमाई, अन्य आर्थिक प्रलोभन देकर लोगों से उनके बैंक खाते प्राप्त करते थे। उनके नाम से नए बैंक खाते खुलवाते थे। खाताधारकों से बैंक खाते के साथ-साथ एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, मोबाइल नंबर, सिम कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग यूजर आईडी पासवर्ड, यूपीआई आईडी आदि प्राप्त कर लेते है। इस तरह के कई मामलों में खाताधारक स्वयं कमीशन लेकर साइबर अपराधियों के निर्देशो का पालन कर बैंकिंग लेन-देन करते थे। इसकी सूचना राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या फिर राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, कटतम पुलिस थाना को दें।

खबर संक्षेप

## शिक्षकों के कर्तव्य प्रमाण पत्र व अर्जित अवकाश का आदेश निरस्त

**दुर्ग।** जिला जनगणना अधिकारी अभिजीत सिंह ने जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षकों को सामूहिक कर्तव्य प्रमाण पत्र (ड्यूटी सर्टिफिकेट) जारी करने तथा अर्जित अवकाश प्रदान करने संबंधी पूर्व में जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा सौंपे गए दायित्वों के सफल निर्वहन का उल्लेख करते हुए कार्यरत शिक्षकों को कर्तव्य प्रमाण-पत्र जारी करने एवं अर्जित अवकाश स्वीकृत करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था, जिसके संदर्भ में जारी पूर्व आदेश को प्रशासनिक एवं तकनीकी कारणों से निरस्त करते हुए स्पष्ट किया गया है कि इस विषय में शासन से आगामी दिशा-निर्देश प्राप्त होने के उपरांत ही आगे की नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## परामर्शदात्री समिति की बैठक 4 अगस्त को

**दुर्ग।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक मंगलवार 4 अगस्त को अपरान्ह 5 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी सदस्य बैंकर्स, शासकीय विभाग के अधिकारी को प्रस्तावित एजेंडा अनुसार पूर्ण अद्यतन जानकारी सहित समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

## 7 साल बाद मुकुंद धीमर को मिला आधार कार्ड

**दुर्ग।** सीएम हेल्पलाइन सीजी 1076 में दर्ज शिकायत के माध्यम से लगातार 7 वर्षों से आधार कार्ड बनवाने के लिए भटक रहे युवा मुकुंद धीमर को आधार कार्ड प्राप्त हो गया। जिला प्रशासन द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण हैदराबाद कार्यालय से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई की गई, जिसके परिणामस्वरूप उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ। आधार कार्ड नहीं होने के कारण मुकुंद धीमर बैंक में अपना खाता नहीं खुलवा पा रहे थे।

## पदोन्नति प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी से शिक्षकों में बढ़ रहा आक्रोश

**भिलाई।** टेट उत्तीर्ण कल्याण शिक्षक संघ ने शासन से मांग की है कि पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने से पहले वरिष्ठता सूची से संबंधित सभी आपत्तियों एवं वैधानिक पहलुओं का निराकरण किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार के विवाद अथवा न्यायालयीन स्थिति उत्पन्न न हो। शिक्षकों का कहना है कि शासन को इस विषय में स्पष्ट निर्णय लेकर सभी पात्र शिक्षकों के साथ न्याय करना चाहिए।

जागरूकता : नाबालिगों को वाहन देना पड़ेगा भारी, पुलिस का विशेष अभियान शुरू

# नाबालिगों के वाहन चलाने पर पुलिस सख्त, जिले में अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए बेमेतरा पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (आईपीएस) के निर्देशन में यातायात, परिवहन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर सघन निगरानी के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

- पहली बार समझाइश, दूसरी बार सीधी कानूनी कार्रवाई; नाबालिग वाहन चालकों पर पुलिस की नजर

अभियान के दौरान वाहन चलाते मिले नाबालिगों के अभिभावकों को यातायात कार्यालय बुलाकर समझाइश दी जा रही है तथा उनका नाम-पता दर्ज किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पहली बार अभिभावकों को चेतावनी देकर जागरूक किया जा रहा है, लेकिन दोबारा नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एसडीओपी भूषण एक्का, एसडीओपी रूचि वर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू एवं शशिकला उईके के मार्गदर्शन में जिला परिवहन अधिकारी के.एल. महौर, यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रवीण खलखो, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल तथा संयुक्त टीम अभियान का संचालन कर रही है।



### 25 हजार तक जुर्माना, तीन साल की सजा का प्रावधान

यातायात पुलिस ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 199-ए के तहत यदि कोई अभिभावक या वाहन मालिक नाबालिग को वाहन चलाने देता है तो उसे तीन वर्ष तक के कारावास और 25 हजार रुपये तक के जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा संबंधित नाबालिग को 25 वर्ष की आयु तक नया ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है तथा वाहन का पंजीयन (आरसी) भी 12 माह तक के लिए निलंबित या रद्द किया जा सकता है।

### स्कूलों में सड़क सुरक्षा का दिया जा रहा संदेश

अभियान के तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा सहित विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों को ड्राइविंग लाइसेंस बनने से पहले वाहन नहीं चलाने, यातायात नियमों का पालन करने और हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर भी जानकारी दी जा रही है।

**विद्यालयों के आसपास बढ़ाई गई निगरानी:** पुलिस ने बताया कि स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों के आने-जाने के समय विशेष पेट्रोलिंग की जा रही है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त होने से पहले किसी भी प्रकार का मोटर वाहन चलाने की अनुमति न दें तथा आमजन भी विद्यालयों के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# कंप्यूटर खरीदी पर प्रशासन सख्त: साजा के विद्यालयों में जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित

**बेमेतरा।** साजा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के तहत खरीदे गए कंप्यूटरों को लेकर मिली शिकायतों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के आदेश जारी किए हैं। इसके लिए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है, जो कंप्यूटरों की गुणवत्ता, उपलब्धता और खरीदी प्रक्रिया के प्रत्येक पहलू की जांच कर सात दिनों के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। प्रशासन के इस कदम को पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लंबे समय से विद्यालयों में कंप्यूटर खरीदी को लेकर उठ रहे सवालों के बाद अब पूरे मामले की तथ्यात्मक जांच होगी। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार गठित जांच समिति के अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर कृष्ण कुमार साहू होंगे। समिति में जिला कोषालय अधिकारी प्रशांत प्रधान, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर महेंद्र कुमार वर्मा तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रोहित चंद्रवंशी को सदस्य बनाया गया है। समिति संबंधित विद्यालयों का निरीक्षण कर खरीदे गए कंप्यूटरों की वास्तविक स्थिति, उनकी गुणवत्ता, तकनीकी मानकों, उपलब्धता तथा खरीद प्रक्रिया से जुड़े सभी अभिलेखों की जांच करेगी।



### गुणवत्ता और खरीदी प्रक्रिया की होगी बारीकी से जांच

जांच समिति यह भी देखेगी कि खरीदे गए कंप्यूटर निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप हैं या नहीं, उनकी आपूर्ति नियमानुसार हुई या नहीं तथा विद्यालयों में उनका उपयोग किस स्थिति में हो रहा है। साथ ही खरीदी प्रक्रिया में वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों का पालन हुआ या नहीं, इसका भी परीक्षण किया जाएगा। **07 दिन में देनी होगी विस्तृत रिपोर्ट:** कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने समिति को निर्देश दिए हैं कि जांच पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जाए तथा तथ्यों के आधार पर सात दिनों के भीतर विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी और यदि किसी स्तर पर अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से यह संकेत भी मिला है कि जिला प्रशासन विकास योजनाओं में होने वाले खर्च और सामग्री खरीदी को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को गंभीरता से ले रहा है।

पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में अग्रवाल समाज ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के तत्वावधान में शुक्रवार को राधा-कृष्ण जमात मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजजनों, प्रशासनिक अधिकारियों, संत-महात्माओं एवं गणमान्य नागरिकों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री महेश अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष अनिल सिंघानिया के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में डीएसपी कौशल्या साहू, परम पूज्य गुरुदेव पं. संतोषी लाल पाराशर, एसडीएम पिंकी मनहर, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, महंत बसंत बिहारी दास, तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर तथा थाना प्रभारी सत्यप्रकाश उपाध्याय सहित अनेक अतिथियों ने पौधारोपण कर अभियान को सफल बनाया।

वृक्षारोपण के बाद मंदिर सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां अग्रवाल समाज की ओर से सभी अतिथियों का शॉल एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। डीएसपी कौशल्या साहू ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी की अमूल्य धरोहर हैं। वे पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के साथ मानव जीवन को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। पं. संतोषी लाल पाराशर ने कहा कि वृक्षारोपण आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित पर्यावरण देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि /"वृक्षारोपण ईश्वरीय कार्य है। यह सृष्टि की सेवा, मानवता की उपासना और भविष्य की सुरक्षा का संकल्प है।/" उन्होंने प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि यदि वृक्ष नहीं होंगे तो वर्षा भी नहीं होगी, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि /"दस कुओं के बराबर एक बावड़ी, दस बावड़ियों के बराबर एक तालाब, दस तालाबों के बराबर एक पुत्र और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है।/" उन्होंने समाज से वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष अनिल सिंघानिया ने किया। इस अवसर पर रवि बिंदल, राजेश सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, शिवेंद्र बिंदल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, रौनक मुरारका, विकास बंसल, बंटी सिंघानिया, बलदेव जोशी, संजय सिंघानिया, दीपक बंसल, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, कान्हा बिंदल, अंकित बिंदल, पंकज अग्रवाल, जसबीर सिंह पसरीजा, ऋषि अग्रवाल, गिरीश शर्मा सहित अग्रवाल समाज के सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।



# पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय 'नशा मुक्त युवा भारत' प्रतियोगिता सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में जिला स्तरीय 'नशा मुक्त युवा भारत' प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) बेमेतरा में किया गया। प्रतियोगिता में जिलेभर के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले विजेता अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं राजकीय गीत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती वीणा त्रिपाठी, माय भारत दुर्ग की आरती मिश्रा तथा डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के तहत कविता, लोकसंगीत, चित्रकला, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, भाषण, स्लोगन तथा रील/लघु फिल्म सहित आठ विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 24 सदस्यीय निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता के प्रमुख परिणाम इस प्रकार रहे जिनमें कविता में वैष्णवी परगनिहा प्रथम, लुकेश भारती द्वितीय तथा लक्ष्मण तृतीय रहे। लोकसंगीत में छाया साहू एवं साथियों ने प्रथम, श्वेता चतुर्वेदी ने द्वितीय तथा प्रीति साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में आकांक्षा जोशी प्रथम, मनीष साहू द्वितीय और पलक तृतीय स्थान पर रहीं। नृत्य प्रतियोगिता में केवड़ा एवं साथियों ने प्रथम, देवप्रकाश ने द्वितीय तथा मुस्कान देवांगन ने तृतीय स्थान हासिल किया।

- विजेता करेंगे राज्य स्तर पर बेमेतरा का प्रतिनिधित्व

नुक्कड़ नाटक में निखिल एवं साथियों की टीम प्रथम तथा युवराज एवं साथियों की टीम द्वितीय रही। भाषण प्रतियोगिता में आशा साहू प्रथम, वर्षा डहरिया द्वितीय और रेशमी वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। स्लोगन लेखन में वासु साहू प्रथम तथा राहुल चक्रधारी द्वितीय रहे। वहीं रील/लघु फिल्म प्रतियोगिता में रोशन साहू ने प्रथम और आशीष कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि सभी विजेता प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डाइट बेमेतरा के व्याख्याताओं, जनपद पंचायत बेमेतरा के अधिकारियों, कला एवं संगीत विशेषज्ञों तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। माय भारत बेमेतरा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की जिला इकाइयों ने भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। समापन समारोह में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डाइट बेमेतरा के व्याख्याता जी.एल. खुटियारे ने नशा मुक्ति पर प्रेरणादायी कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में महाविद्यालय एवं डाइट बेमेतरा के प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एम.एफ. खान एवं नर्मदा मैडम ने किया।



विश्व हेपेटाइटिस दिवस

# जिला अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में हेपेटाइटिस की रोकथाम, समय पर जांच, उपचार और टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के साथ हितग्राहियों का हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण भी किया गया।



कार्यक्रम में अध्यक्षता सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू ने की। इस वर्ष विश्व हेपेटाइटिस दिवस की थीम /"हेपेटाइटिस: आओ इसे खत्म करें/" के अनुरूप विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार और टीकाकरण के माध्यम से हेपेटाइटिस संक्रमण को काफी हद तक रोका जा सकता है। सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू ने कहा कि बरसात के मौसम में दूषित भोजन और पानी के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से स्वच्छ पानी पीने, फल एवं सब्जियों को अच्छी तरह धोकर उपयोग करने, भोजन को पूरी तरह पकाकर खाने तथा खुले और दूषित खाद्य पदार्थों से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता और सुरक्षित जीवनशैली अपनाकर संक्रमण से प्रभावी बचाव किया जा सकता है। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि हेपेटाइटिस-बी के प्रमुख लक्षणों में बुखार, त्वचा पर चकत्ते, भूख कम लगना, अत्यधिक थकान, जोड़ों में दर्द और अवसाद शामिल हैं। वहीं हेपेटाइटिस-सी में लगातार थकान, अनिद्रा, पैरों में सूजन, त्वचा में खुजली और गहरे रंग का मूत्र जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसे लक्षण नजर आने पर तत्काल चिकित्सकीय जांच कराने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम में सुरक्षित रक्त चढ़ाने, एक बार उपयोग होने वाले रेजर ब्लेड एवं इंजेक्शन का इस्तेमाल करने, व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुएं साझा नहीं करने, असुरक्षित यौन संबंधों से बचने और घावों को सुरक्षित ढंककर रखने की जानकारी दी गई। साथ ही नवजात शिशुओं को जन्म के तुरंत बाद निर्धारित समय में हेपेटाइटिस-बी का टीका लगाने, सभी गर्भवती महिलाओं की हेपेटाइटिस-बी जांच कराने तथा संक्रमित माता से जन्मे शिशुओं को इम्यूनोग्लोब्युलिन एवं आवश्यक टीकाकरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, एएनएम, मितानिनों एवं शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के स्वास्थ्य कर्मियों को हेपेटाइटिस के साथ-साथ मौसमी बीमारियों की रोकथाम और जनजागरूकता संबंधी जानकारी भी दी गई।

जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में भी जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों को स्वच्छता, सुरक्षित खान-पान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े, जिला नोडल अधिकारी डॉ. अस्मिता श्रीवास्तव, विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक, अस्पताल प्रबंधक डॉ. स्वाति यदु, लैब इंचार्ज गीतांजलि बेहरा, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### पिंक पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने कोटप्पा के तहत की कार्रवाई

**भिलाई।** पिंक पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने कोटपा एक्ट के तहत दस दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना भिलाई तीन, मोहन नगर, खुर्सीपार, नेवई क्षेत्रों में कुल 10 दुकानदारों के यहां टीम पहुंची थी। अभियान के तहत विद्यालयों के 100 गज के दायरे में स्थित दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानदारों को नाबालिगों छात्र-छात्राओं को तंबाकू उत्पादों का बेचने प्रतिबंध लगाने को कहा गया है। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों , विशेषकर बालिकाओं, नाबालिग को तंबाकू उत्पादों की उपलब्धता रोकना, शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों का विक्रय पर नियंत्रण स्थापित करना है।

### मारपीट कर धमकी देने वाला बदमाश पकड़ाया

**भिलाई।** मारपीट कर धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने वाला मिनीमाता बम्लेश्वरी किराना दुकान के पास, गौतम नगर सुपेला निवासी राहुल यादव को गिरफ्तार किया गया है। राहुल आपने मोहल्ले के एक व्यक्ति को शराब के लिए रकम मांग रहा था। रकम नहीं देने पर राहुल ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। अपने पास रखे धारदार हथियार को दिखाकर राहुल डरा धमका भी रहा था। इस दौरान बीच-बचाव करने आए रूपचंद रात्रे के साथ भी आरोपी ने हाथापाई की। आरोपी के खिलाफ गुण्डा बदमाश होने के कारण बाउण्ड ओवर की कार्रवाई की गई। आरोपी के पास से धारदार हथियार जब्त किया है।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

**ओखरा ( मुरमुन्दा)।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित पाहरा में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें जनपद सदस्य रंजना मनहर, उमेश साहू ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दुर्गेश खिचरिया, समिति प्रबंधक भूषण निषाद, समिति प्रबंधक मोहरेंगा कृष्णकुमार सिन्हा, समिति कर्मचारी नीलकंठ साहू, तुमन साहू, डागेश पाल, भूपेन्द्र मंडावी, कृषक मोहन मनहर एवं अन्य कृषक गण उपस्थित रहे।

### उत्तम बने सतनामी समाज मुरमुन्दा परिक्षेत्र के अध्यक्ष

**ओखरा मुरमुन्दा।** सतनाम युवा संगठन समिति मुरमुंदा परिक्षेत्र का अध्यक्ष का चुनाव हुआ अध्यक्ष के लिए चार लोग मैदान में थे जिसमें से अध्यक्ष के लिए उत्तम सिंह जोशी नचुनाव जीत कर सतनाम युवा संगठन समिति मुरमुन्दा परिक्षेत्र अध्यक्ष बने। इसके बाद बचे पदों पर सर्वसहमति से जवाबदारी दी गई। इनमें उपाध्यक्ष सनत डहरिया (अछोटी), उपाध्यक्ष-कल्याण बर्रे (लहंगा), उपाध्यक्ष खिलेश्वरी टंडन (खपरी), कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार कुर्रे (ढौर), सचिव छबिलाल बंजारे (करही डीह), सह सचिव -मुकेश कुमार बर्रे (लहंगा), महासचिव सनिल जोशी (मुरमुंदा), मीडिया प्रभारी - अशोक आडिल (ओखरा) शामिल हैं। आयोजन में बी एल कुर्रे (संरक्षक), केके जोशी, पूर्व अध्यक्ष रामस्वरूप चतुर्वेदी, महेश रात्रे, बसंत गायकवाड, कल्याण बर्रे, मनोहर जोशी, मुकेश बर्रे, विष्णु मधुकर भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

हर साल बरसात में होती है खानापूर्ति, पीडब्ल्यूडी की मरम्मत पर उठे सवाल

# पक्की सड़क पर मिट्टी डालने से कीचड़ में बदली सड़क, राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/ थान खम्हरिया**



नगर में सड़क मरम्मत के नाम पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और ठेकेदार की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। त्रिमूर्ति चौक से साजा रोड तक सड़क के गड्ढों की मरम्मत के दौरान बजरी के ऊपर सीधे मिट्टी डाल दिए जाने से बरसात में पूरा मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया है।

इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं भारत माता चौक से झंडा चौक तक की सीसी सड़क भी जगह-जगह गड्ढों से जर्जर हो चुकी है। नगर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल त्रिमूर्ति चौक से साजा रोड पर लंबे समय से बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए थे। लगातार शिकायतों के बाद पीडब्ल्यूडी ने मरम्मत कार्य तो शुरू कराया, लेकिन गुणवत्ता के बजाय खानापूर्ति की गई। गड्ढों में बजरी डालने के बाद उसके ऊपर मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। बरसात होते ही मिट्टी कीचड़ में बदल गई और स्टेट बैंक के सामने लगभग 20 मीटर का हिस्सा पूरी तरह दलदल जैसा हो गया है। इससे पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र, कर्मचारी, व्यापारी और आम नागरिक गुजरते हैं। कीचड़ और गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। वहीं नगर के अंदरूनी हिस्सों की सड़कें भी जर्जर हो चुकी हैं, जिनके शीघ्र संधारण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। मोहल्लेवासी जीवन साहू, मुकेश सिन्हा, गोपाल सिन्हा, कासिम खान, अफरोज खान, बाबूलाल सिन्हा, बसंत सिन्हा, शैनूतदीन और नईम खान सहित अन्य नागरिकों ने आरोप लगाया कि बरसात शुरू होने के बाद गड्ढों में मिट्टी डालने से समस्या और बढ़ गई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते डामरीकरण कराया जाता तो यह स्थिति नहीं बनती। हर वर्ष बरसात में इसी तरह खानापूर्ति कर दी जाती है और कुछ दिनों बाद सड़क फिर खराब हो जाती है, जिससे सरकारी धन की भी बर्बादी होती है। इसी प्रकार भारत माता चौक से झंडा चौक तक बनी सीसी सड़क पर भी कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। इनमें पानी भर जाने से राहगीरों को परेशानी हो रही है। इस मार्ग पर बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक जैसी प्रमुख बैंक शाखाएं स्थित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है।

### बरसात पूर्व मरम्मत नहीं होने से बढ़ी परेशानी

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि मार्च-अप्रैल में ही सड़कों का डामरीकरण कर दिया जाता तो बरसात में यह समस्या नहीं आती। उनका आरोप है कि कम लागत में काम निपटाने के लिए घटिया तरीके अपनाए गए और विभागीय अधिकारियों ने भी प्रभावी निगरानी नहीं की। **उप-अभियंता ने दिया सुधार का आश्वासन:** पीडब्ल्यूडी के उप-अभियंता लालचंद जायसवाल ने बताया कि जल्द ही सड़क पर जमा कीचड़ हटाकर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाएगा, ताकि आवागमन सुचारु हो सके। स्थानीय लोगों ने त्रिमूर्ति चौक से चिंटू होटल तक सड़क का पूर्ण डामरीकरण कराने तथा भारत माता चौक से झंडा चौक तक स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि अस्थायी उपायों के बजाय स्थायी समाधान ही दुर्घटनाओं पर रोक लगा सकता है।

# नगर पंचायतों को विकास और जनसेवा का सशक्त केंद्र बना रही सरकार : दीपेश साहू



**बेमेतरा।** नगर पंचायत बेरला में गुरुवार को नवनियुक्त एल्डरमैनों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। इस दौरान सूर्यकांत साहू, कन्हैया सेन एवं प्रतिमा राजपूत ने एल्डरमैन पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

विधायक दीपेश साहू ने नवनियुक्त एल्डरमैनों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार नगर पंचायतों को विकास और जनसेवा का सशक्त केंद्र बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों की सक्रिय भागीदारी से विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि एल्डरमैन का दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का प्रतिनिधित्व करना है। नगर पंचायत लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जहां लिए गए निर्णय सीधे नागरिकों के जीवन को प्रभावित करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों को जनता से सतत संवाद बनाए रखते हुए उनकी समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए कार्य करना चाहिए। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नगर विकास के लिए सभी जन प्रतिनिधियों से दलगत भावना से ऊपर उठकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि सड़क, नाली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना भी समान रूप से जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र और नगर पंचायत बेरला के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा तथा जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वय से विकास योजनाओं को गति दी जाएगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा, उपाध्यक्ष संतोष साहू, विधायक प्रतिनिधि अमृत महेश्वरी, सभापति शिव झड़ी सिन्हा सहित पार्षद, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

यातायात नियमों के पालन और साइबर अपराध से बचाव के बताए

# स्कूलों में पहुंची पुलिस, छात्रों को साइबर सुरक्षा और नए कानूनों की दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा**



जिले में सामुदायिक पुलिसिंग अभियान हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव के तहत पुलिस लगातार स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार को नांदघाट और खम्हरिया पुलिस की टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेमरी एवं कोपेडबरी में छात्र-छात्राओं को कानून, साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था, नवीन आपराधिक कानूनों, साइबर अपराध से बचाव तथा सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून का पालन कराना ही नहीं, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा और सहायता करना भी है। विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने और किसी भी परेशानी में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 की प्रमुख जानकारियां साझा की गईं। साथ ही ऑनलाइन गेम, सोशल मीडिया और इंटरनेट के उपयोग के दौरान फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, फोटो दुरुपयोग और अन्य साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए। संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों की जानकारी तत्काल अभिभावकों और पुलिस को देने की सलाह भी दी गई। विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग, हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने, सड़क पर मोबाइल का उपयोग नहीं करने तथा सड़क पर खेलकूद से बचने की समझाइश दी गई। पुलिस ने कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि किराएदार रखने से पहले संबंधित थाने में सूचना दें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या अवैध रूप से रह रहे बाहरी व्यक्ति की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। इसके लिए टोल फ्री नंबर 18002331905 पर भी सूचना देने की अपील की गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी नांदघाट निरीक्षक लेखराम ठाकुर, थाना प्रभारी खम्हरिया निरीक्षक सत्य प्रकाश उपाध्याय, प्रशिक्षु उप निरीक्षक ईश्वरी डुप्ले, सहायक उप निरीक्षक मोहन साहू, आरक्षक संजय साहू सहित पुलिस स्टाफ, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा से भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी की मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा**



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन में लक्ष्मी वर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठन विस्तार, महिला नेतृत्व, संसदीय कार्यशैली और पार्टी की विचारधारा को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने संसद की कार्यप्रणाली का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रश्नकाल और शून्यकाल केवल संसदीय प्रक्रियाएं नहीं हैं, बल्कि आम जनता की आवाज को देश के सर्वोच्च सदन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में एक साधारण कार्यकर्ता भी अपने समर्पण और अनुशासन के बल पर सर्वोच्च दायित्व तक पहुंच सकता है। स्वयं का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता से राज्यसभा तक का उनका सफर पार्टी की कार्यकर्ता-केंद्रित कार्यसंस्कृति को दर्शाता है। महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए सांसद ने बेमेतरा जिले में प्रज्ञा निर्वाणी द्वारा संगठन विस्तार और सामाजिक अभियानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सौंपी गई जिम्मेदारी में शत- प्रतिशत योगदान देना ही एक सच्चे कार्यकर्ता का धर्म है। मुलाकात के बाद प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का संघर्षपूर्ण जीवन और संगठन के प्रति समर्पण लाखों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके अनुभवों से संसदीय परंपराओं और जनसेवा के प्रति नई ऊर्जा मिली है।

- संगठन विस्तार, महिला नेतृत्व और संसदीय कार्यशैली पर

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के लक्ष्य को साकार करने और केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए भाजपा महिला मोर्चा पूरी निष्ठा के साथ कार्य करता रहेगा। उन्होंने बताया कि उनका दिल्ली प्रवास संगठनात्मक गतिविधियों और वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के उद्देश्य से जारी है।

# शहरी आवासीय व डायवर्टेड भूमि का एग्रीस्टैक पंजीयन अनिवार्य, अनक्लेम खाताधारक जल्द करें क्लेम

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा**

जिला प्रशासन ने जिले के शहरी क्षेत्रों के सभी आवासीय एवं डायवर्टेड भूमि स्वामियों से एग्रीस्टैक पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की अपील की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन खाताधारकों की भूमि अनक्लेम श्रेणी में प्रदर्शित हो रही है, वे बिना विलंब अपना क्लेम प्रस्तुत कर पंजीयन प्रक्रिया पूरी करें, ताकि भूमि का रिकॉर्ड शासन के डिजिटल डेटाबेस में प्रमाणित रूप से दर्ज हो सके।

प्रशासन के अनुसार, एग्रीस्टैक भारत सरकार और राज्य शासन की महत्वाकांक्षी डिजिटल पहल है, जिसके तहत भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। आने वाले समय में विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं, प्रमाण-पत्रों, भूमि संबंधी सुविधाओं तथा शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए भूमि का एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीकृत और सत्यापित होना आवश्यक होगा। जिला प्रशासन ने बताया कि वर्तमान में बड़ी संख्या में भूमि स्वामियों के खाते अनक्लेम श्रेणी में लंबित हैं। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति द्वारा क्लेम प्रस्तुत किए बिना भूमि का सत्यापन पूरा नहीं हो सकेगा। इसलिए सभी संबंधित नागरिकों से समय रहते आवश्यक कार्रवाई करने और अपने भूमि अभिलेखों का डिजिटल सत्यापन कराने का आग्रह किया गया है।

- भविष्य की ऑनलाइन सेवाओं और शासकीय योजनाओं का लाभ लेने समय पर कराएं पंजीयन : जिला प्रशासन

प्रशासन ने नागरिकों से अंतिम समय तक इंतजार नहीं करने की अपील करते हुए कहा है कि भूमि स्वामी अपने निकटतम लोक सेवा केंद्र, संबंधित तहसील कार्यालय, राजस्व निरीक्षक अथवा पटवारी के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों सहित एग्रीस्टैक पंजीयन एवं क्लेम की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित राजस्व कार्यालय या निकटस्थ लोक सेवा केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

जिला प्रशासन ने कहा है कि समय पर पंजीयन कराने से भविष्य में मिलने वाली शासकीय सुविधाओं और ऑनलाइन सेवाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त किया जा सकेगा।

परीक्षा माफिया पर होगा निर्णायक प्रहारः भाजपा जिलाध्यक्ष

# लोक परीक्षा संशोधन विधेयक से युवाओं का भविष्य होगा सुरक्षित : हर्षिता पांडेय

**हरिभूमि न्यूज. ▸▸ बेमेतरा**





भारतीय जनता पार्टी की जिला प्रभारी हर्षिता पांडेय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू ने लोकसभा में पारित लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 का स्वागत करते हुए इसे देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य की सुरक्षा, ईमानदार प्रतिभा के सम्मान तथा पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

जिला प्रभारी हर्षिता पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के सपनों और उनकी मेहनत की रक्षा के लिए लगातार ठोस निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन विधेयक युवाओं के हितों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक, नकल और अन्य अनियमितताओं पर प्रभावी रोक लगेगी तथा परीक्षा माफिया और संगठित गिरोहों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं और उनके परिवारों के भविष्य से जुड़ी होती हैं। ऐसे में परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। संशोधन के तहत परीक्षा संबंधी अपराधों के विरुद्ध दंडात्मक प्रावधानों को और अधिक सख्त किया गया है। साथ ही परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों एवं सेवा प्रदाताओं की जवाबदेही भी बढ़ाई गई है, जिससे पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति, कौशल विकास, डिजिटल इंडिया और रोजगार के नए अवसरों के साथ अब परीक्षा प्रणाली को भी अधिक सुरक्षित और निष्पक्ष बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन सरकार की युवा हितैषी सोच को दर्शाता है। अजय साहू ने आरोप लगाया कि पूर्व में प्रश्नपत्र लीक और भर्ती घोटालों जैसी घटनाओं से युवाओं का विश्वास प्रभावित हुआ था, जबकि वर्तमान सरकार ने व्यवस्था में सुधार और दोषियों पर कठोर कार्रवाई का रास्ता अपनाया है। उन्होंने कहा कि यह कानून स्पष्ट संदेश देता है कि ईमानदार प्रतिभा के साथ अन्याय करने वालों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। दोनों नेताओं ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक युवा को बिना भेदभाव और भ्रष्टाचार के अपनी योग्यता के आधार पर आगे बढ़ने का अवसर मिले। उनका कहना है कि लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और विश्वसनीयता को और मजबूत करेगा। साथ ही भाजपा युवाओं के हितों की रक्षा और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करती रहेगी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए समयबद्ध क्रियान्वयन

# जल संरक्षण और प्रधानमंत्री आवास कार्यों में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा**



कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल संरक्षण, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए गुणवत्ता और समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए वॉटर बॉडी रिचार्ज, रिचार्ज पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ट्रेंच निर्माण और पौधरोपण जैसे कार्यों को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण कर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी जल संरचनाएं विकसित की जाएं, ताकि भविष्य में जल संकट की स्थिति से बचा जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने वर्ष 2016 से 2023 तक स्वीकृत ऐसे अपूर्ण आवास, जिनका निर्माण अब संभव नहीं है, उन्हें नियमानुसार निरस्त कर संबंधित हितग्राहियों से वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं वर्ष 2024 से 2026 तक स्वीकृत सभी अपूर्ण आवासों को तय समय-सीमा में पूरा कराने पर जोर दिया। जिन हितग्राहियों ने निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है, उनके विरुद्ध एसडीएम के माध्यम से नियमित पेशी एवं नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने के लिए हितग्राहियों को प्रेरित करने को कहा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों के लंबित भुगतान प्रकरणों का शीघ्र परीक्षण कर जिला कार्यालय भेजने के निर्देश दिए, ताकि समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जनपद पंचायतों को इस कार्य में विशेष गंभीरता बरतने को कहा।

बैठक में जिले के विभिन्न निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने एसडीओ और उप अभियंताओं को नियमित मैदानी निरीक्षण कर कार्यों की सतत निगरानी करने तथा गुणवत्ता और समय-सीमा में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक के अंत में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें तथा विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आरईएस के कार्यपालन अभियंता, सभी एसडीओ, जनपद पंचायतों के सीईओ तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411